हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 मई 2024

13 बुशान में बाबा भैरूनाथ लाइब्रेरी में सुविधाओं ...



14 एमपीएचडब्ल्यू कलावती ने सेवानिवृत्ति पर त्रिवेणी ...



## खबर संक्षेप

### नौ माह की बच्ची सहित मां लापता, केस दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव से एक विवाहित अपनी करीब नौ माह की बच्ची के साथ लापता हो गई। विवाहिता के पति ने इसकी शिकायत लोहारू पुलिस थाने में दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 16 वर्ष पहले हुआ था और उसकी पत्नी करीब 9 माह की बच्ची को लेकर लोहारू दवाई लेने गई थी। उसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

### गांव बलियाली में खेत से सोलर पंप चोरी

**बवानीखेड़ा।** गांव बलियाली से किसान के खेत से सोलर पंप व तार चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस में दी शिकायत में अशोक सरदाना ने बताया कि उसका खेत बलियाली से जमालपुर रोड पर कादियान वाले जोहड़ के पास स्थित है। उसने खेत में 5 एचपी सोलर पंप ट्यूबवेल लगवाया हुआ है। वीरवार को दोपहर दो बजे खेत में गया तो देखा कि उसकी 5 एचपी ओसवाल कंपनी की मोटर व 30 फुट लंबी तार गायब थी।

### भट्ठे पर आकर हमला करने पर मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** ईंट भट्ठे पर आकर हमला करने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में दुर्जनपुर निवासी अंगपाल ने बताया कि 25 मार्च को सांय 6 बजे वह बाला जी ब्रिक्स कंपनी पर अपने परिवार के साथ बैठा हुक्का पी रहे थे और तभी गाड़ी में सवार होकर चार लोगे आए, जिनमें विकास, प्रेमपाल, दीपक, सोनू थे जो नशे की हालत में थे और वहां आकर बैठ गए और बीयर निकाल पीने लगा। हमने उनको मना किया तो उन्होंने हमारे झगड़ा किया और मारपीट की। पुलिस शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जुआ खेलते 6 युवकों को किया गिरफ्तार




**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने गांव बजीना में 6 युवकों को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव में नहर के पास खेत में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर रेड करके 06 व्यक्तियों को ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान सुरेंद्र, राकेश, नरेश व उम्मेद निवासी बजीना व नरेश व सतबीर निवासी कोहाड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रशासन की सख्ती के बावजूद किया जा रहा अवशेषों को आग के हवाले

## बवानीखेड़ा में अज्ञात कारणों से लगी आग, सोलर प्लेटें व गेहूं के अवशेष जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला प्रशासन की सख्ती के बावजूद गेहूं के अवशेषों को आग के हवाले किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है टीमों का गठन करने व लोगों में जागरूकता फैलाने के बाद भी रोजाना जिले में आधा दर्जन जगहों पर इस तरह की घटनाए घट रही है। कुछ जगहों पर शार्ट शर्किट तो कुछ जगहों पर लोग मर्जी से गेहूं के बचे हुए अवशेषों में आग लगा रहे है। जिससे पर्यावरण तो प्रदूषित होता है साथ में लोगों के हजारों रूपये का चारा भी आग की भेट चढ़ रहा है। दूसरी तरफ बवानीखेड़ा में अज्ञात कारणों से लगी आग की वजह से खेतों में लगाए गए सोलर की प्लेट आग से जल गई। साथ ही उक्त किसान के खेत में बचे गेंहू के फाने भी जलकर राख हो गए। उक्त किसान ने इस बारे में थाने में शिकायत दी।



### रोज हो रही आगजनी

कुछ इलाकों में तो किसान अपने खेतों में बचे गेहूं के अवशेषों को आग के हवाले कर रहे है। रोजाना पूरे जिले में आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर आगजनी की घटनाए हो रही है। जिनमें से कुछ जगहों पर अपने खेतों को खाली करने के लिए किसान गेहूं के अवशेषों को आग के हवाले कर रहे है। एक जगह पर आग लगाने के बाद पूरे इलाके में आग फैल रही है। थोड़ी सी हवा चलते ही आग की लपेटे हरियाली को भी अपने लपेटें में ले रही है। रोजाना दर्जनों हरे पेड़ आग की लपटों में झुलस रहे है। इसी तरह आज दोपहर प्रेमनगर स्थित पॉवर हाऊस के पीछे खेतों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की लपटें ऊंची उठने लगी। इस दौरान किसानों ने आग पर पानी डालकर शांत करने का प्रयास किया। साथ ही फायर बिग्रेड को भी सूचित किया गया। जिले में अनेक जगहों पर इस तरह की घटनाएं घट रही है।

### सिंचाई के लिए अवशेषों को जला रहे हैं किसान

किसान अपने खेतों की सिंचाई करने तथा अगली फसल कपास की बिजाई करने के लिए इस तरह का कदम उठा रहे है।अवशेष जलाने के बाद उन खेतों में आराम से सिंचाई की जा सकती है और उसके बाद उन खेतों में कपास की फसल की सही ढंग से बिजाई भी की जा सकती है। जिसके चलते किसान इस तरह का कदम उठा रहे है। क्षेत्र में एक जगह पर आग लगने के बाद अन्य इलाकों में अपने आप आग की लपटें पहुंच जाती है। ऐसे में जिन किसानों ने अवशेष जलाने नहीं थे। उनको खेतों में भी फसलों के अवशेष अपने आप भस्म हो जाते है।



# बच्चों को अपने परिजनों की सेल्फी करनी होगी अपलोड

- स्कूल व बच्चे मतदान में भागीदार बनकर जीत सकते हैं इनाम
- प्रथम विजेता को 10 हजार, द्वितीय को 5 व तृतीय विजेताओं को ढाई हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/चरखी दादरी

प्रदेश में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है जिसके तहत स्कूली बच्चों को अभियान में शामिल करके उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए बच्चों को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करके मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई नई पहल के तहत जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम विजेता को 10 हजार, द्वितीय को 5 व तृतीय विजेताओं को ढाई हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। इस पहल के तहत जिला के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए बच्चों को अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करना होगा और उनके वोट डालने के बाद नीली स्याही वाली सेल्फी अपलोड करनी होगी। उन्होंने बताया कि सेल्फी अपलोड करने के लिए पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। प्रात 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे,उन्हें अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है।

# ट्रक चालक से मारपीट मामले में तीन आरोपित किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

थाना सिवानी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक से रुपए छीनने के मामले में तीन आरोपियों को गांव रामबास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नरेंद्र निवासी लोहारू ने थाना सिवानी पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि ट्रक ड्राइवर की नौकरी करता हूं और 30 अप्रैल की रात को सरसों भरकर लोहारू से आदमपुर गया था जो अगले दिन आदमपुर से वापस लोहारू आ रहा था जो रास्ते में कालोद से ईशरवाल की तरफ स्कूल के सामने पहुंचने पर पीछे से आकर एक बोलेरो गाड़ी चालक ने ट्रक से आगे गाड़ी लगाकर गाड़ी में सवार व्यक्तियों ने 25 000 रुपए छीन कर भाग गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सिवानी में दर्ज किया था। थाना सिवानी के उप निरीक्षक प्रेम सिंह ने ट्रक चालक से रुपए छीनने के मामले में तीन आरोपियों को रामबास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विकास पुत्र वीर सिंह निवासी रामबास, कृष्ण कुमार पुत्र राजपाल निवासी तलवानी व सचिन पुत्र रामबीर निवासी तलवानी के रूप में हुई है।

## भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से पांचवें दिन दो उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

- नामांकन के लिए अब केवल दो दिन शेष बचे

**भिवानी।** भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन के पांचवे दिन शुक्रवार को दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के लिए अब केवल दो दिन शेष बचे हैं। नामांकन आगामी 6 मई तक दाखिल किया जा सकता है। रविवार को अवकाश के दिन नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। आवेदन पत्र कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय नारनौल में सुबह 11:00 से लेकर शाम 3:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ;आईएएस द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के बारे में बताया कि अब तक कुल नौ नामांकन दाखिल हो चुके हैं। पांचवें दिन राव दान सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र भरा। भारतीय जवान किसान पार्टी से आनंद कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते ही एनआइसी की टीम सारे कागजात को एनकोर साफ्टवेयर के माध्यम से अपलोड कर रही है। कोई भी नागरिक नो यूअर कैंडिडेट एप डाउनलोड करके अपने उम्मीदवार के बारे में सारी जानकारी देख सकता है।

# अज्ञात कारणों से किसान के खेत में आग, जली सोलर प्लेटें

- किसान ने शिकायत कर भरपाई करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानी खेड़ा के हांसी भिवानी मुख्य मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास किसान के खेत में गेहूं के फानों में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें कई एकड़ फानें आग की भेंट चढ़ गए इसके अलावा किसान का अन्य भी काफी नुकसान हो गया। जिसको लेकर किसान ने थाना कार्यालय, कृषि विभाग, मार्केटिंग विभाग सहित आलाधिकारियों को शिकायत भेजी।

जिसमें किसान विकास महता ने बताया कि उसके खेत में साढ़े सात एचपी का सोलर सेट,वाटर इंजन, ड्रीप सिस्टम, लगभग एक दर्जन पेड़ इस आग की भेंट चढ़ गए, जिससे उसका काफी नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई के लिए उसने शिकायत कर इसकी भरपाई की मांग की। किसान ने कहा कि उसे बहुत अधिक नुकसान हुआ है।

# ड्यूटी पर मृत्यु होने पर मिलेगी एक्सग्रेशिया के तहत सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग, सुरक्षा कर्मियों के परिवारजन को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। ड्यूटी के दौरान हिंसक घटनाओं, बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी कारण से मृत्यु हो जाने पर परिजनों को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ड्यूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपये, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थाई दिव्यांग होने पर परिवारजन को 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता परिवारजनों को प्रदान की जाएगी। चुनाव ड्यूटी के दौरान दी जाने वाली यह एक्सग्रेशिया राशि केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य सरकार या अन्य नियोक्ता द्वारा दी जाने वाले अनुकंपा राशि से अतिरिक्त होगी। अनुकंपा राशि की प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक की होगी और कर्मचारी की मृत्यु, दिव्यांग इत्यादि होने की घटना की तिथि से 10 दिन के अंदर -अंदर आरंभ करनी होगी। 1 माह के भीतर संबंधित मामले का निपटान सुनिश्चित किया जाएगा।

**हिंसक घटनाओं, बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर दिए जाएंगे 30 लाख**

**असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थाई दिव्यांग होने पर 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7 .5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता परिवारजनों को दी जाएगी**

# दो भाइयों ने रक्तदान कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** शुक्रवार को रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते रक्तवीर डूडेजा। फोटो: हरिभूमि

रक्तदान किसी के लिए बेहद सामान्य बात हो सकता है, लेकिन जरूरतमंद के लिए ये जिंदगी और मौत का सवाल होता है। रक्त की जरूरत कभी भी किसी को भी पड़ सकती है।

लिहाजा हर किसी को इसकी अहमियत समझनी चाहिए, हर किसी का रक्तदान किसी न किसी को नई जिंदगी देता है। रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचाने की राह पर चलते हुए महिला सहित दो भाइयों ने रक्तदान कर एक बच्चे की जान बचाई। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि भिवानी के नीजि अस्पताल में दाखिल महेंद्रगढ़ के नवजात बच्चे के लिए बी पॉजिटिव फ्रेश रक्त की तीन यूनिट की जरूरत पड़ी तो प्रोमिला वर्मा ने 7वीं बार, दो सगे भाई अभिषेक भट्टी ने 17वीं बार अभिमन्यु भट्टी ने चौथी बार निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर बच्चे की जान बचाई।

गौरतलब है कि आपात स्थिति में देर रात को महिलाओं द्वारा रक्तदान करने की बात कम ही सामने आती है, लेकिन प्रोमिला ने देर रात ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान कर महिलाओं के लिए मिसाल कायम की है। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि रक्तदान महादान है, हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए और हमारे रक्त की कुछ बूंदों से किसी की जिंदगी बच जाती है तो हमारे लिए बड़ा ही सौभाग्य है। डुडेजा ने कहा कि रक्त का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है, मानव शरीर का रक्त ही दूसरों में खून की कमी को पूरा कर किसी का जीवन बचा सकता है। इस अवसर पर डॉ. मंदीप पंघाल, लैब टेक्नीशियन योगेश जांगड़ा व अमन खोखर उपस्थित रहे।

## इंट्री-एक्जिट निर्माण करवाने को लेकर पंचायतों ने दिया धरना

# हाईवे के पुल की हाइट बढ़वाने को लेकर किया प्रदर्शन

- ग्रामीण बोले .समस्या का समाधान नहीं हुआ तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज बवानीखेड़ा

बड़सी से मिलकपुर हाइवे पर एनएचएआई 148 बी हांसी से भिवानी मार्ग के निर्माण में मिलकपुर, दुर्जनपुर, बड़सी जाटान, बड़सी गुजरान, चौरटापुर, सिकंदरपुर,जीता खेड़ी,ढ़ाणी केसला की पंचायत एवं ग्रामीणों ने रोष प्रदर्शन कर नारेबाज की।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उक्त रोड के निर्माण के दौरान इंट्री एक्जिट का निर्माण, पुल की हाइट चार मीटर से पांच मीटर करने तथा खेतों में सिंचाई के नालों का उचित निकासी का सही रास्ता नहीं बनाया जा रहा है। जिसकी वजह से इलाके के लोगों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ेगी।

पार्षद अमित औला, प्रदीप चाहर सरपंच प्रतिनिधि, फ तेहसिंह पूर्व सरपंच, बाली पूर्व सरपंच, भान औला पूर्व सरपंच, सतीश सरपंच, सज्जन सरपंच, बबलु सरपंच, जसबीर सरपंच, सोनु सौलथ, बिजेंद्र ठेकेदार, सुभाष पंच, प्रदीप बीडीसी, भोला बीडीसी, सज्जन फौजी, राजेन्द्र राठी, दिनेश लाम्बा, कुलदीप लोहचब, स्वपन ठेकेदार, बिल्लु सरपंच सहित बड़सी मजरा के सभी गांवों के मौजिज व्यक्तियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर सार्वजनिक पंचायत में फैसला लिया कि और बताया कि लोकसभा चुनाव के वोटिंग वाले दिन तक हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो पांचों गांव चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि धरना प्रदर्शन वीरवार से शुरू किया गया है जब तक मांग पूरी तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।



**बवानीखेड़ा।** आयोजित धरने को संबोधित करतें वक्ता। फोटो: हरिभूमि

इसके अलावा यदि मांग पूरी नहीं होती है तो पुरा बड़सी मजरा लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेगा। सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशीयों का बड़सी मजरा के गांवो में प्रवेश निषेध रहेगा। वहीं चुनाव तक सभी राजनीतिक पार्टियों का चुनाव प्रचार दुर्जनपुर, बड़सी जाटान, बड़सी गुजरान, चोरटापुर, सिकंदरपुर, मिलकपुर, जीता खेड़ी, ढाणी केशला में रोक दिया व नेताओं के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर भिवानी के एसडीएम से भी मिले हैं और मौके पर एनएचएआई के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारी ने उन्हें शांति बनाए रखने की अपील की है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगे।



**भिवानी।** बिजली पेंशनर्ज की जिला स्तरीय मासिक बैठक में मौजूद पेंशनर्ज।

## बिजली पेंशनर्ज की जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन, दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** नेहरू पार्क में हरियाणा बिजली पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिला महासचिव आरके चावला ने बताया कि सबसे पहले दिव्यंगत आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक में पैंशनर्ज के कामों में ढिलाई बरतने पर निगम अधिकारियों के प्रति रोष प्रकट किया तथा निर्णय लिया कि शीघ्र ही अधिकारियों से मिला जाएगा, बैठक में पेंशनजों की समस्याओं का मंथन कर संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा। बैठक में राजपाल सिंह, रामेश्वर गोलागढ़, रामनिवास कौशिक ने विचार रखे।



एक गोरिल्ला दिन में 14 घंटे सोकर बिताता है।



कुत्ते को हर चीज केवल ब्लैक एंड व्हाइट ही दिखाई देती है।

# प्रयोगशाला शिक्षक बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हमारे भारत में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी को बहुत ही ज्यादा सम्मान दिया जाता है। क्योंकि सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों को ऐसा लगता है, कि उन्होंने सब कुछ पा लिया है। हमारे देश के बुजुर्ग भी सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बहुत ज्यादा सम्मान देते हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद उम्मीदवार पैसा कमाने के साथ-साथ सम्मान भी बहुत अधिक कमाता है। खासतौर से हमारे आस पास अध्यापक पद काम करने वाले व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज के आर्टिकल में हम आपको प्रयोगशाला टीचर कैसे बने, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## कौन होता है प्रयोगशाला शिक्षक

प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं में जो प्रयोगशाला होती है। उन प्रयोगशालाओं में अध्यापक के तौर पर प्रैक्टिकल करवाने वाले उम्मीदवार को कहा जाता है। प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं यानी कि 10वीं 11वीं और 12वीं कक्षाओं में जो विज्ञान वर्ग के विषयों में प्रैक्टिकल करवाने का काम करते हैं, उनको कहा जाता है। प्रयोगशाला अध्यापक लैब में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करके हर चीज सिद्धांत के साथ समझाते हैं। विज्ञान विषय में प्रैक्टिकल काफी महत्वपूर्ण होता है। विज्ञान की थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से उस रिएक्शन और गतिविधि के बारे में संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी लेते हैं और यह जानकारी देने का काम लैब टीचर करता है।

## जरूरी योग्यता

जो विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर बनने का सपना देख रहे हैं। और प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को सबसे पहले लैब टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होगा योग्यता को पूरा करके ही आप प्रयोगशाला टीचर की भर्ती में आवेदन लगा सकते हैं और टीचर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- उम्मीदवार 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास किया हुआ होना अनिवार्य है।
- उम्मीदवार को उच्च शिक्षा के तौर पर आगे ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन करना जरूरी है।
- बीएड की डिग्री हासिल करें।

## प्रयोगशाला टीचर के क्या होते हैं कार्य

प्रयोगशाला टीचर के कार्य कि यदि बात की जाए तो प्रयोगशाला टीचर शब्द से ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ऐसा अध्यापक जो प्रयोगशाला में होने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी मदद करता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को नए नए प्रयोग सिखाने और उनके बारे में जानकारी देने में प्रयोगशाला टीचर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को विज्ञान की कई प्रकार की रियक्शन और गतिविधियों से अवगत करवाता है। प्रयोगशाला टीचर विद्यार्थियों को प्रयोग सिखाता है और लैब की परीक्षाओं में एग्जाम करवाने का काम भी करता है।

## कैसे बनें प्रयोगशाला शिक्षक

प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास करनी होगी। विज्ञान वर्ग के साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर लेता है। उसको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना होगा।

**ग्रेजुएशन पूरा करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है। ग्रेजुएशन विज्ञान वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ पास करना काफी महत्वपूर्ण रहता है।

**बीएड की डिग्री हासिल करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है।

**मास्टर डिग्री यानी की पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करें :** ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री लेने के पश्चात उम्मीदवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेने पर विद्यार्थी किसी भी एक विषय में मास्टर डिग्री हासिल कर लेता है और उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला शिक्षक बनने के लिए योग्य भी हो जाता है। मास्टर डिग्री लेने वाले उम्मीदवार को अब आने वाली प्रयोग शाला शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए योग्यता मिल जाती है।

**प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन करें :** लैब टीचर बनने के लिए उम्मीदवार को सरकार के द्वारा नियमित तौर पर निकाले जाने वाली प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। हालांकि जो विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर बनना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए किसी भी भर्ती में आवेदन लगाने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी डिग्री कंप्लीट करने के बाद सीधा किसी भी प्राइवेट विद्यालय में ज्वाइन होकर प्रयोगशाला टीचर पद पर कार्यरत हो सकता है। लेकिन सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। जब विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन लगाता है। तो विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर की सेलेक्शन प्रक्रिया से गुजरते हुए इस पद को हासिल करना होता है।

**कितनी होती है सैलरी :** प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर को 15,000 से 25,000 तक की सैलरी मिल जाती है। प्राइवेट विद्यालय में यह सैलरी कोई फिक्स नहीं है। उच्च स्तरीय प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर की सैलरी 50,000 तक भी हो सकते हैं। सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के बाद उम्मीदवार की सैलरी की बात की जाए तो उम्मीदवार को शुरुआत में 40,000 तक की सैलरी मिलती है और 2 साल की अवधि पूरी होने के बाद उम्मीदवार को पहला प्रमोशन मिलता है। उसके बाद उम्मीदवार को 50,000 से 70,000 की सैलरी और ग्रेड पे के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के सरकारी भत्ते की सुविधाएं भी मिलती है।

## यह एक बड़ा और महत्वपूर्ण पद, भारी डिमांड

# आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बन आप चुन सकते हैं एक बेहतर करियर ऑप्शन

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

### महिलाओं के लिए बेहद उपयुक्त

आंगनबाड़ी शब्द से आप सभी भलीभांति परिचित होंगे क्योंकि हम सभी के आसपास हमारे गांव में हमारे मोहल्ले कश्मीर वार्ड नगरीय क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्र होते हैं। यह ऐसे सरकारी केंद्र है जहां पर महिला एवं बाल विकास कल्याण का हित देखा जाता है। इसलिए यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनकर आप एक बेहतरीन करियर चुन सकते हैं क्योंकि आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एक बड़ा और महत्वपूर्ण पद माना जाता है। आंगनवाड़ी एक सरकारी केंद्र है। जहां पर सरकार की तरफ से विविध प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इन सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाती है। जो 20 से 25 या फिर 30 आंगनवाडी को अपनी देखरेख में सुविधा प्रदान करवाता है। अथवा सुपरवाइजर अपने अंतर्गत आने वाले सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को सहायता राशि प्रदान करवाते हैं





## विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलती

आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है और वर्तमान समय में सरकार की तरफ से विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। सरकार विभिन्न प्रकार की सुविधाएं तरह-तरह के केंद्रों से लोगों तक पहुंचाते हैं। आज के समय में महिला और बाल विकास कल्याण पर अत्यधिक जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला और बाल विकास कल्याण मंत्रालय द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है। आंगनवाड़ी केंद्र हमारे घर के आस-पास हमें देखने को मिल जाते हैं जहां पर महिलाओं और बच्चों को उनके कल्याण और विकास के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। उनके भरण-पोषण के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार दिया जाता है तथा विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है इन सब की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की होती है।

## क्या है आंगनवाड़ी

*आंगनवाड़ी एक ऐसा सरकारी केंद्र है जो आमतौर पर सरकारी भवन या सरकारी स्कूल के आसपास होता है। यह आंगनवाड़ी के अंदर संपूर्ण भारत में प्रत्येक गांव कस्बे मोहल्ले वार्ड में स्थित है। यहां पर विशेष रूप से गर्भवती महिला और छोटे बच्चों को कुपोषण से बचाया जाता है। सरकार की तरफ से यहां पर तरह-तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी केंद्र को महिला एवं बाल विकास कल्याण द्वारा चलाया जाता है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र के अंतर्गत महिला एवं बालक-बालिकाओं का कल्याण तथा विकास हो सकें। इसके लिए सरकार और मंत्रालय द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं विभिन्न प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की देखभाल की जाती है। गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर पोषक तत्वों से भरपूर आहार प्रदान किया जाता है जो उनके शरीर के लिए उपयोगी साबित होता है। इसके अलावा कुपोषण से ग्रसित बच्चों को विभिन्न प्रकार के पोषक तत्व वाले आहार वितरण किए जाते हैं। तरह-तरह की सुविधा और सहायता प्रदान की जाती है ताकि उनका विकास और कल्याण हो सके इसी संदर्भ में हमारे देश में वर्तमान समय में बड़े पैमाने पर महिला और बाल विकास कल्याण पर जोर दिया जा रहा है।*

## कौन होता है आंगनवाड़ी सुपरवाइजर

*आंगनवाड़ी केंद्र को चलाने के लिए एक स्थानीय महिला नागरिक ही होती है। परंतु किसी ब्लॉक या तहसील के अंतर्गत आने वाले कम से कम 20-25 से लेकर 30 आंगनवाड़ी केंद्रों को संभालने की जिम्मेदारी एक व्यक्ति विशेष को दी जाती है जिसे आंगनवाड़ी सुपरवाइजर कहा जाता है यह एक महत्वपूर्ण पद है। इसीलिए इस पर सरकार द्वारा परीक्षा का आयोजन करवाया जाता है इस परीक्षा को पास करने के बाद मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करके आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बन सकते हैं। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की भूमिका बहुत बड़ी होती है क्योंकि उसके अंतर्गत 30 आंगनवाड़ी केंद्र आते हैं। जहां पर समय-समय पर जरूरत के हिसाब से वह सरकार द्वारा प्रचारित की गई योजनाओं का लाभ पहुंचाना होता है। अंतर्गत आने वाली आंगनवाड़ी केंद्र पर सही ढंग से कार्य हो रहा है या नहीं इस बात की जिम्मेदारी भी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की होती है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अपनी जिम्मेदारी से अंतर्गत आने वाली सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की देखभाल और वहां पर सरकार की तरफ से जारी की गई योजनाओं का लाभ पहुंचाना एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर जरूरी और महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कराना होता है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की डिमांड आज के समय में बहुत ज्यादा है क्योंकि आज के समय में ज्यादातर लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।*



## योग्यता

- आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनने के लिए कम से कम 12वीं कक्षा पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से होनी चाहिए।
- अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से ग्रेजुएशन होना चाहिए।
- उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से ही होनी चाहिए।
- आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनने के लिए अधिकतम 40 वर्ष आयु सीमा निर्धारित की गई है।
- भारत के कुछ राज्यों में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनने की आयु सीमा 18 वर्ष रखी गई है।

## कैसे बनें सुपरवाइजर

आंगनवाड़ी केंद्र का सुपरवाइजर बनने के लिए आपको सबसे पहले सब सरकार द्वारा आयोजित आंगनवाड़ी सुपरवाइजर भर्ती में आवेदन करना होगा। इसके बाद लिखित परीक्षा पास करनी होगी। लिखित परीक्षा सामान्य तौर पर 100 अंको की होती है। परीक्षा में पास होने के बाद आपको इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। अगर आप अच्छी तरह से इंटरव्यू देते हैं तो आपको इंटरव्यू के बाद सुपरवाइजर बना दिया जाता है क्योंकि इंटरव्यू को आप ने पास कर दिया है। लेकिन अगर आप पास नहीं कर पाते हैं तो आपको अगले वर्ष फिर से सुपरवाइजर का एग्जाम देना होगा।

## भर्ती प्रक्रिया


**आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की भर्ती कैसे होती है यह जानने के लिए आपको निम्नलिखित चरणों को समझना होगा:**

- सबसे पहले आंगनवाड़ी द्वारा निकली भर्ती के लिए अप्लाई करें
- एप्लिकेशन फॉर्म भरने के बाद परीक्षा देनी होगी
- सबसे पहले लिखित परीक्षा पास करें
- लिखित परीक्षा पास करने के बाद साक्षात्कार (इंटरव्यू) होगा
- इंटरव्यू में पास होने के पश्चात आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के लिए चयन किया जाएगा।

## अच्छा सैलरी पैकेज

आंगनवाड़ी सुपरवाइजर का एक पद महत्वपूर्ण पद माना जाता है। यहां पर काफी सम्मान मिलता है क्योंकि इस पद के अंतर्गत आपको विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी उठानी होगी। आमतौर पर 10 से 15 या 20 से 25 आंगनवाड़ी केंद्र एक सुपरवाइजर के अंतर्गत आते हैं। लेकिन कभी कबार आपको 30 आंगनवाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी भी उठानी पड़ सकती है और यह जिम्मेदारी उठाना कोई आम बात नहीं है। इस दौरान आपको अच्छी तरह से अपने कर्तव्य का पालन करना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की सैलरी आमतौर पर 20,000 से 40,000 के बीच होती है। यह एक सरकारी नौकरी है इसीलिए आपको वेतन के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी मिल जाते है।

# डिजिटल प्रौद्योगिकी का युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

डिजिटल प्रौद्योगिकी के अविष्कार ने हमारे समाज को नई दिशा दी है, लेकिन इसके साथ ही यह भी सत्य है कि इसके प्रभाव कुछ चुनौतियों के साथ आते हैं, खासकर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर। युवा पीढ़ी को डिजिटल दुनिया में उत्साहित होने के कई लाभ हैं, लेकिन इसके साथ ही वे इसके नकारात्मक प्रभावों का शिकार भी हो रहे हैं। एक प्रमुख चुनौती यह है कि युवा पीढ़ी अब अधिक समय अपने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और इंटरनेट पर बिता रही है। इससे उनकी सोचने की क्षमता, सामाजिक संबंध, और व्यक्तित्व पर असर पड़ रहा है। अधिक समय डिजिटल मीडिया में बिताने से वे अक्सर अलगाव, उदासी, और दबे हुए महसूस कर सकते हैं।

## स्मार्टफोन से नींद होती प्रभावित

एक और महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि डिजिटल मीडिया में अधिक समय बिताने से नींद की समस्याएं बढ़ती हैं। युवा पीढ़ी को अपने स्मार्टफोन के साथ रात को बिस्तर में समय बिताने की आदत हो गई है, जो उनकी नींद को प्रभावित करती है और उन्हें अनियमित नींद की समस्या का सामना करना पड़ता है। नींद की कमी से उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है और यह उन्हें तनाव, उदासी, और अन्य मानसिक समस्याओं की ओर खींच सकता है। युवाओं के लिए डिजिटल जगत में ऑनलाइन बुलाईंग भी एक बड़ी चुनौती है। सोशल मीडिया पर बुलाईंग और ऑनलाइन अपहरण की मामले बढ़ रहे हैं, जिससे उनका स्वाभाविक विकास प्रभावित हो रहा है और उन्हें डर और उदासी का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या का हल ढूंढने के लिए, हमें युवाओं को डिजिटल संसाधनों का सही उपयोग सिखाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। स्क्रीन समय को सीमित रखना, सक्रिय रहने के लिए बाहर जाना, और सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाए रखना युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही, सरकारों, शैक्षणिक संस्थाओं, और समाज को को डिजिटल शिक्षा में और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। सरकारें और शैक्षणिक संस्थाएं डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में और नए और सक्रिय तरीकों का उपयोग करके युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। समाज के सभी स्तरों पर जागरूकता फैलाने के लिए अधिक सामाजिक पहलुओं की आवश्यकता है, जो युवाओं को सही दिशा में प्रेरित कर सके। अतिरिक्त रूप से, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल तरीके से पहुंचाने के लिए नए और विनामूल्य संसाधनों का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सेवाएं ऑनलाइन माध्यमों के माध्यम से उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि युवा अपनी मानसिक समस्याओं को साझा करने और समाधान के लिए सहायता प्राप्त कर सकें। इस प्रकार, डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हम युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को समर्थ बनाने और उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने के लिए समर्थ बना सकते हैं। यह हमारी सामाजिक दायरे को बढ़ाने और स्वस्थ समाज की बुनियाद रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## आसान पैसे कमाने की लालसा और वित्तीय धोखाधड़ी

आधुनिक दुनिया में युवा पीढ़ी आसानी से पैसे कमाने की लालसा में डूबी हुई नजर आती है, जिसका एक बड़ा कारण है क्रिप्टोकरेंसी। क्रिप्टोकरेंसी एक विशेष प्रकार की डिजिटल मुद्रा है, जो कि ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से संरक्षित होती है। यह एक नई और अभिनव तकनीकी उपाधि होने के साथ-साथ वित्तीय निवेश का भी एक रूचिकर क्षेत्र बन चुका है। क्रिप्टोकरेंसी की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें निवेश करने के लिए बहुत कम धन की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि युवा जो अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के इच्छुक होते हैं, वे इसमें निवेश करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं। लेकिन इस लालसा के पीछे छिपे अनेक खतरे हो सकते हैं। क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय बाजार में अभी भी बहुत अनियमित होती है और इसमें अधिकतर निवेशक अपने पूंजी को खो सकते हैं। साथ ही, क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ रहे हैं। धोखाधड़ी लोग नकली क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर अपनी शिकार बनाते हैं और युवाओं को अपने जाल में फंसा देते हैं। इस समस्या का हल ढूंढने के लिए, सरकारों को और वित्तीय निकायों को अपनी क्रिप्टोकरेंसी के नियमों को सख्त करने और धोखाधड़ी के मामलों को निपटाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। युवाओं को इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि पैसे कमाने का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता है, और वे अपने निवेशों को सावधानी से करें। वित्तीय शिक्षा और बाजार की समझ उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव में मदद कर सकती है। इस प्रकार, युवा पीढ़ी को आसान पैसे कमाने की लालसा से दूर रहकर, समझदारी से निवेश करने की आवश्यकता है, ताकि वे अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकें। समझदारी से निवेश करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह निवेशकों को वित्तीय स्थिरता और सुरक्षा के लिए एक मार्गदर्शक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** यंग प्रत्यास्थायता गुणांक का एसआई मात्रक है
(ए) डाइन/सेमी.
(बी) न्यूटन/मी.
(सी) न्यूटन/मी.$^2$
(डी) मी.$^2$/से.

**2.** निम्नलिखित युग्मों में से किन भौतिक राशियों के सामान विमीय सूत्र नही है ?
(ए) बल एवं दाब
(बी) कार्य एवं उर्जा
(सी) आवेग एवं संवेग
(डी) भार एवं बल

**3.** एक खगोलीय इकाई संबंधित है -
(ए) सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(बी) चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(सी) सूर्य, चन्द्रमा के बीच की दूरी से
(डी) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी अविमीय राशि है ?
(ए) विकृति
(बी) श्यानता गुणांक
(सी) गैस नियतांक
(डी) प्लांक नियतांक

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशी नही है
(ए) संवेग
(बी) वेग
(सी) कोणीय वेग
(डी) द्रव्यमान

**6.** अदिश राशी है
(ए) उर्जा
(बी) बल आघूर्ण
(सी) संवेंग
(डी) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सदिश राशी है
(ए) संवेंग
(बी) दाब
(सी) उर्जा
(डी) कार्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी राशी सदिश नही है
(ए) विस्थापन
(बी) वेग
(सी) बल
(डी) आयतन

उत्तर 1.(सी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(ए) 5.(डी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### सरस्वती बाल मंदिर का परीक्षा परिणाम बेहतर



**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं कक्षा का घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेला के बच्चों का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। निदेशक जगदीश सांगवान ने बताया कि विद्यालय के 12वीं के कुल 22 बच्चे परीक्षा में बैठे जिनमें से 11 बच्चों के 80ः से ऊपर अंक हैं शेष बच्चों के 70ः से ऊपर अंक है विज्ञान संकाय में मोहित अटेला कला ने विद्यालय में प्रथम स्थान मनदीप अटेला खुर्द ने द्वितीय स्थान साहिल बिलावल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### शिविर में 97 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**चरखी दादरी।** मॉडल जिला बनाओ संगठन के तत्वाधान में 859वां निःशुल्क आंखों की जांच का शिविर बिगोवा में लगाया, जिसमें आई केयर हॉस्पिटल की टीम ने 97 लोगों की जांच की। शिविर का उद्घाटन वेदपाल जाखड़ ने किया तो वहीं अध्यक्षता मनोज ने की। संगठन के युवा विंग प्रधान अधिवक्ता अनिल साहू ने बताया कि मनुष्य को निरंतर अंतराल पर अपनी-अपनी आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए ताकि जीवन भर आंखे सुरक्षित रहें।

### सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान जरूरी

**चरखी दादरी।** सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए मताधिकार का प्रयोग करना ही एकमात्र एवं सबसे बड़ा हथियार है। एक.एक वोट से देश की सबसे बड़ी पंचायत का गठन होता हैए जहां पर देश के विकास और समृद्धि के लिए नीतियां निर्धारित की जाती हैं। मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता जरूरी है, जिसमें सबसे अधिक भूमिका युवा वर्ग निभा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के युवाओं के नाम जारी संदेश में कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक पात्र नागरिक को एक समान वोट देने का अधिकार प्रदान किया है। हर एक वोट में बड़ी ताकत होती है। वोट से सरकारों का गठन होता है।

### शत प्रतिशत रहा एआरईडी स्कूल का परीक्षा परिणाम



**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में गांव डोहका हरिया के एआरईडी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के सभी बच्चें उत्तीर्ण हो गए। 104 में से 82 ने अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक पाए। संचालक राजकुमार व प्राचार्या शर्मिला ने बताया कि प्रथम 481 अंक के साथ प्रिया, द्वितीय 477 अंक हेमलताए तृतीय 475 अंक ज्योति रही। इसके अलावा कम्प्यूटर साईंस में खुशी, शारीरिक शिक्षा में ज्योति तथा संस्कृत में मनिषा ने शत प्रतिशत अंक पाए है।

### भुज-दिल्ली सराय रोहिल्ला ट्रेन में बढ़ाया डिब्बा

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए भुज-दिल्ली सराय-भुज स्पेशल रेलसेवा में 1 फर्स्ट एसी श्रेणी डिब्बें की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 09407 व 09408 भुज-दिल्ली सराय-भुज स्पेशल रेलसेवा में भुज से 7 मई से 28 जून तक एवं दिल्ली सराय से 8 मई 29 जून तक 1 फर्स्ट एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की है।

### धोखाधड़ी मामले में महिला गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 1 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

### मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता : उपायुक्त

# बुशान में बाबा भैरूनाथ लाइब्रेरी में सुविधाओं का लिया जायजा

ग्रामीणों को दिया लाइब्रेरी में हर संभव सुविधाएं मुहैया करवाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में लोगों से बातचीत करते हुए।

उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा है कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। युवाओं को सफलता का सपना देखने के साथ साथ कड़ा परिश्रम भी करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि युवा धैर्य और इमानदारी से कठिन परिश्रम करेंए तो सफलता कदम चुमेगी। परिश्रम को नियमित बरकार रखनी चाहिए। अपने अंदर की कमज़ोरियों पहचानें, उसका आकलन करें और उसे दूर करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। उपायुक्त शुक्रवार को गांव बुशान में स्थित बाबा भैरूनाथ लाइब्रेरी में पंहुचने उपरांत युवाओं एवं ग्रामीणों से बात कर रहे थे। उपायुक्त ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट चयनित हुए अंकित शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा कि सफलता के लिए सुविधा मोहताज नहीं होती। शिक्षा के अच्छे माहौल से बच्चे और बेहतर करेंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सोचें। उपायुक्त ने हाल ही में एसएसबी भारतीय सेना की टेक्निकल ईन्ट्री के घोषित परिणाम में ऑल इंडिया में 59वीं रैंक प्राप्त करने वाले बुशान निवासी अंकित शर्मा शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने अंकित शर्मा के साथ संवाद करते हुए कहा कि भारतीय सेना मै बतौर अफसर बनकर सेवा में आना हर युवा का सपना होता है। यह देश का सबसे कठिन साक्षात्कार होता है। इस सफलता पर उन्होंने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है बल्कि जिला का भी नाम चमकाया है। उपायुक्त नरवाल ने लाईब्रेरी का निरिक्षण किया और सभी सुविधाओं के बारे में बारीकी से जाना। उन्होंने लाईब्रेरी समिति की सहराना करते हैं कहा कि वास्तव में समिति निस्वार्थ भाव से सेवा कर रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से समिति को भविष्य में पूरा सहयोग किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणो ने सरकारी स्कूल में स्टाफ की कमी के प्रति अवगत भी करवाया। ग्रामीणो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे स्टाफ बढाने की मांग की। उपायुक्त ने लाईब्रेरी में जरूरतों के बारे में जाना। ग्रामीणों द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए तीन एसीए कुर्सियांए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकेंए बिजली के लिए सौलर प्लेट, व लाईब्रेरी को डेकोरेशन की जरूरत है। उपायुक्त ने भरोसा दिया कि लाईब्रेरी रजिस्टर्ड है तो जिला परिषद सीईओ की तरफ से पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम मनोज दलाल, सरपंच मेहर चंद, मास्टर नरेश, सत्यवान शर्मा, मास्टर सोमबीर, प्रधान नरेश शर्मा, ओमप्रकाश, रोशन शर्मा, दलीप सिंह, रामनिवास फौजी, पूर्व सरपंच बिजेन्द्र, जगदीश, रणबीर,ओमप्रकाश शर्मा, सुभाष शर्मा,रणबीर, सतपाल,सतबीर शर्मा,बिरेन्द्र सांगवान, मास्टर दिनेश, मास्टर सुरेन्द्र, पवन शर्मा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रजातंत्र की मजबूती में प्रेस की अहम भूमिका

- डीएलएसए ने मीडिया सेंटर में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किया सेमीनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

विश्व प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन कम जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्थानीय मीडिया सेंटर में प्रेस संबंधित कानूनी जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में प्राधिकरण के सचिव कपिल राठी ने बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। सीजेएम ने कहा कि प्रजातंत्र की मजबूती में प्रेस की अहम भूमिका होती है। प्राधिकरण के सचिव राठी ने मीडियाकारों को विश्व प्रैस स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विविधताओं का देश होते हुए भी निरंतर उन्नति कर रहा हैए जिसमें मीडिया की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19 में नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी दी गई हैए जिसमें प्रत्येक नागरिक अपने विचार प्रकट करने के लिए स्वतंत्र है। मीडिया आमजन से अलग नहीं बल्कि पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रत पत्रकारिता भी एक चुनौति है,लेकिन न्याय पालिका हर समय आमजन की तरह मीडिया के अधिकारों की रक्षा करती है। जब.जब मीडिया पर किसी प्रकार की आंच आई हैए तब.तब न्याय पालिका ने मीडिया को सुरक्षित माहौल प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया को किसी सीमा में बांधा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का आईना है जो व्यवस्थाओं की खामियां सामने लाता है, जो जरूरी है।

### मीडिया को पेड न्यूज से दूर रहना चाहिए

सीजेएम राठी ने कहा कि जिला की मीडिया सकारात्मक ढंग से अपनी भूमिका अदा कर रही है, जिसमें डीएलएस, द्वारा चलाए जा रहे कानूनी जागरूकता शिविरों को आमजन तक पहुंचाना में भी अहम रोल अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकार डीएलएसए से उनके अधिकारों के बारे में किसी भी समय जानकारी ले सकते हैं। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता नरेंद्र मोहन शर्मा ने कहा कि मीडिया को पेड न्यूज से दूर रहना चाहिए। एक.तरफा व पक्षपात पूर्ण खबर लिखना ही मीडिया के लिए परेशानी का सबब बनती हैं। पत्रकारों को चाहिए कि वे दबे हुए व्यक्ति की आवाज उठाएं ताकि वे अपने हकों से वंचित न रहें। इस दौरान पत्रकारों ने भी अपने.अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने कहा कि देश व समाज की उन्नति में मीडिया की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। मीडिया ही समाज में विचारों की एकरूपता लाती है। आमजन को किसी भी प्रकार की परिस्थितियों के बारे में जागरूक भी मीडिया ही करती है। अजय मल्होत्रा व इंद्रवेश ने भिवानी की मीडिया की तरफ से सीजेएम राठी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह डीएलएसए द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर मीडिया के लिए कानूनी जागरूकता सेमीनार का आयोजन करना बड़ी ही अच्छी पहल हैए एसे सेमीनारों से पत्रकारों का हौसला बढ़ता है। इस दौरान डीएलएसए से उप. अधीक्षक कमलजीत सिंह, कॉर्डिनेटर दिनेश कुमार, अधिवक्ता अर्चना शर्मा, सुमीत तंवर के अलावा अनेक कर्मी मौजूद रहे।

# श्रीश्याम कृपा महोत्सव का आयोजन आठ को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा आठ मई को सांय छह बजे लोहड़ चौपटा में श्रीश्याम कृपा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृपा सांवरे की परिवार के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानीप्रताप सिंह ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में चैतन्य दाधिच जयपुर, आयुष सोमानी जयपुर, निखिल अग्रवाल भिवानी भजनों के माध्यम से श्रीश्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी में समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन होते है, जिनके आयोजन में कृपा सांवरे की परिवार भिवानी का विशेष योगदान रहता है। यहां के लोग भी धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में बढ़-चढकर भाग लेते हुए अपनी हाजिरी लगाते है। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने से व्यक्ति का जीवन नियंत्रित रहता है तथा वह अनुशासन से पूर्ण रहता है। इसके साथ ही नकारात्मक विचार भी नष्ट होते हैं।

### बलियाली के कन्या स्कूल की 23 छात्राओं ने 12वीं में पाई मेरिट

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बलियाली के राजकीय कन्या वमा स्कूल का बेहतरीन परीक्षा परिणाम रहा। प्रिंसिपल जयबीर सिवाच ने बताया 56 छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिसमें 23 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट तो 26 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की।

विद्यालय के प्रिंसिपल जयबीर सिवाच ने सभी छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राजेंद्र वर्मा, रवींद्र कुमार,रोशनी,ज्योति गुप्ता,राजपाल फौगाट, अमरजीत कौर, नरेश, निरंजन, रेणु, सरिता, रीनू, राजेश, अजय बूरा, गणिता, संजय डीपीई,हर्ष कुमार मौजूद थे।

# छात्रों ने दी एनसीसी भर्ती परीक्षा

- राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में भर्ती प्रक्रिया का आयोजन
- 300 से अधिक स्कूली छात्र व छात्राओं ने भर्ती में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में एनसीसी भर्ती परीक्षा में उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक व एनसीसी अधिकारी।

एनसीसी कैडेट्स के रूप में शामिल होने वाले राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय के बच्चों के लिए एनसीसी भर्ती प्रक्रिया का आयोजन विद्यालय परिसर में प्राचार्या सविता घणघस व एनसीसी ऑफिसर विनय कुमार की देखरेख में किया। एनसीसी में भर्ती के लिए विद्यार्थियों ने खूब रुचि दिखाई और लगभग 300 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। एनसीसी ऑफिसर विनय कुमार, नायब सूबेदार हरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह व बीएचएम कवर सिंह ने बच्चों को एनसीसी की कार्यविधि से अवगत करवाया, ताकि वह इस क्षेत्र में चयनित होकर अपने कार्यों को कर सके। भर्ती प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की मानसिक व शारीरिक गतिविधियां करवाई। भर्ती प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों में देशसेवा का जज्बा दिखाई दिया। कार्यक्रम में प्राचार्या ने अतिथियों का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को देशसेवा के लिए प्रेरित किया।

### बीएम स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

**चरखी दादरी।** गांव लोहरवाडा स्थित बी एम सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के बच्चों ने हाल ही में घोषित हरियाणा राज्य शिक्षा बोर्ड के कक्षा बारहवीं के नतीजों में शानदार प्रदर्शन किया है। शत प्रतिशत परिणाम के साथ सभी बच्चे उत्तीर्ण हो गए। निदेशक मंजीत फौगाट, प्राचार्य संजीत फौगाट व एम डी रामबीर फौगाट ने बताया कि तीनों संकायों विज्ञानए वाणिज्य व कलां के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ठ सफलता पाई है। तीनों संकाय के तहत रेणू 97 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, हिमानी, रिया, कोमल, राशी व रितिका 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा विशाल व तन्नू 93 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। इसके अलावा 85 प्रतिशत से अधिक 35 बच्चों ने अंक प्राप्त किए है।

# उपभोक्ता अधिकार के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** प्रबंध समिति व शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

केएम पब्लिक स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब द्वारा विद्यार्थियों के लिए उपभोक्ता अधिकारों व कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उपभोक्ता संबंधी अधिकारों व कानूनों से संबंधित सामान्य बातों से परिचित करवाकर उनका सशक्तिकरण करना है। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां करवाई, जिसमें कक्षा बारहवीं की साक्षी एवं भव्या ने भाषण से विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। इस अवसर पर क्लब सदस्या सुषमा ने बताया कि उपभोक्ता जागरूकता एवं सशक्तिकरण को बढ़ाने को सरकारों, नियामक निकायों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं के बीच सहयोग होना आवश्यक है, जिससे उपभोक्ता के अधिकारों का सम्मान हो और उन्हें संरक्षित किया जा सके। विद्यार्थियों ने भी इस संबंध में प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम में प्राचार्या रेनू सैनी, उपप्राचार्या नीलम गौतम, अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, अंजु पोपली, सारिका पंडित, मोनिका, सोनू कौशिक, मीनाक्षी शर्मा, मोहित जैन, छात्र दीपांशु व दिशु आदि अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 12वीं की बोर्ड परीक्षा में एनआरजे विद्यालय का परिणाम सराहनीय

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझूकलां के एनआरजे वमा विद्यालय का बोर्ड वार्षिक परीक्षा परिणाम क्षेत्र में सराहनीय रहा। स्कूल के कुल 94 छात्रों ने यह परीक्षा दी, जिसमें 35 छात्रों ने ओपन मेरिट तथा 30 छात्रों ने रूरल मेरिट प्राप्त की और बहुत से छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

प्राचार्य विजय सिंह लाम्बा ने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी अध्यापकों को बधाइयां दी। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य व अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के निर्देश

- निपुण हरियाणा के तहत राकवमावि में चार दिवसीय कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण करती डीईओ संतोष नागर साथ में स्कूल स्टाफ सदस्य।

भगत सिंह चौक स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहड़ में शुक्रवार को निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक अध्यापकों का कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने शिरकत की तथा स्कूल स्टाफ सदस्यों को नामांकन बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इसके उपरांत डीईओ ने निपुण हरियाणा कार्यक्रम की जानकारी भी दी। इस मौके पर विद्यालय परिसर में डीईओ एवं स्कूल स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधारोपित कर की गई। कार्यक्त्रम को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने कहा कि विद्यार्थी ही देश के कल का भविष्य है और इनका भविष्य सुधारने की सबसे बड़ी जिम्मेवारी प्राथमिक शिक्षकों पर है। इसीलिए सरकार ने निपुण हरियाणा की योजना चलाई है। जिसके तहत बच्चों को खेल.खेल में पढ़ाने के लिए अध्यापकों को निपुण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अपनी प्रतिभा, गतिविधि, बेहतरीन प्रयास को आपस में एक.दूसरे से सांझा करना भी है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए।

### नाथुवास निवासी बुजुर्ग महिला हरदेई को चुनाव का इंतजार

# किसी का नाम तो बताऊं नहीं, वोट जरूर डालूंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** नाथूवास निवासी हरदेई देवी।

प्रदेश की सबसे अधिक आयु की वोटरों में शामिल जिले के गांव नाथुवास निवासी हरदेई देवी को लोकतंत्र के महापर्व का बेसब्री से इंतजार है कि कब चुनाव का दिन आए और वह पोलिंग बूथ पर जाकर अपना वोट डाले। वोट डालने के प्रति हरदेई का जज्बा युवा मतदाताओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। हरदेई कहती हैं कि वे किसी नाम तो नहीं बताएंगी, पर वोट जरूर डालेंगी, जो भी निर्वाचित हो, उसका भला हो। वे उनको वोट देना चाहती हैं, जो विकास करें और सार्वजनिक काम करवाए। जिले में सबसे बुजुर्ग मतदाताओं में शामिल हरदेई के अनुसार वे वोट बनने के समय से ही अपना वोट डालती आ रही हैं, जो देश की आजादी के समय से ही जारी है। उन्होंने बताया कि वे स्वतंत्र भारत में वर्ष 1952 में हुए पहले आम चुनाव में मतदान किया था। देश बहुत सालों तक गुलाम रहा, लाखों कुर्बानियों व लंबी लड़ाई के बाद देश को आजादी मिली और हमें वोट का अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि वोट ही तो है, जिससे हम अपने मनपसंद नेता का चुनाव करते हैं, जब । मनपसंद प्रत्याशी जीतता है तो बहुत खुशी होती है। हरदेई ने कहा कि वोट डालने के लिए उनके मन में वैसा ही चाव है, जैसा पहली बार वोट डालने के समय था।

#### हरदेई का जज्बा वोटरों के लिए प्रेरणास्रोत

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को स्वीप अभियान चलाया जा रहा है तथा मतदाताओं को मतदान करने को जागरूक किया जा रहा है। शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जा रही हैं। गांवों में महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें। स्वीप अभियान के दौरान पिछले चुनाव में मतदान सामान्य से कम प्रतिशत रहा था, अबकी बार जिला प्रशासन का प्रयास है कि मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक हो।

#### उम्र के पड़ाव में देखे अलग-अलग दौर

हरदेई ने उम्र के पड़ाव तक अलग-अलग दौर देखे हैं, अब तक सभी चुनावों में अपना वोट डालती आ रही हरदेई ने कहा कि एक वो भी समय था जब न बिजली थी, न सड़क थी और न पानी था, तब भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बिजली न होने से मिट्टी के तेल के दीये जलाते थे। बिजली व सड़क बनने और पानी आने से जिंदगी आसान हुई। रोजमर्रा के काम आसानी से होने लगे हैं, लेकिन आज तो सब कुछ है।

# पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने बताया मतदान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- मनचाहा प्रतिनिधि व सरकार चुनने का मतदान ही एकमात्र तरीका

युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को सरकार व प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इन अभियानों के माध्यम से मतदाताओं को वोट की ताकत व महत्व से अवगत करवाया जा रहा है, ताकि मत प्रतिशत्ता बढ़ाई जा सकें। इसी कड़ी में पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को शहर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नागरिकों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है तथा युवाओं को लोकतंत्र की मजबूती में मतदान के महत्व से अवगत होना बहुत जरूरी है। संभ्रवाल ने कहा कि मतदान करना बहुत ही जरूरी है। मतदान से ही हम अच्छा प्रतिनिधि चुनते हैं। देश में अपना प्रतिनिधि और अपनी मनचाही सरकार चुनने का यही एक तरीका है तथा यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती भी है, इसलिए प्रत्येक मतदाता को मतदान में जरूर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर विरेंद्र मिंटु, जमना देवी, सोनी प्रधान, कृष्णा, गीता, आदि मौजूद रहे।

# एमपीएचडब्ल्यू कलावती ने सेवानिवृत्ति पर त्रिवेणी सहित 31 पौधे लगाए, पेड़ बनने तक देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली

## जुई और गोलपुरा स्टाफ ने कलावती वर्मा की सेवानिवृति पर 20 पौधे लगाए

### कोरोनाकाल में हुई थी ऑक्सीजन की कमी, पेड़ पौधें हम सबके लिए जीवनदायिनीः कलावती

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

कोरोनाकाल में जनता की सेवा हो या पर्यावरण प्रेम की भावना दोनों में निपुण एमपीएचडब्ल्यू कलावती वर्मा की सेवानिवृत्ति पर स्टॉफ ने उन्हें सिर आंखों पर बैठाया और पौधरोपण करवाकर उन्हें विदाई दी। करीबन 28 वर्षो के कार्यकाल के दौरान कलावती ने न केवल सैकड़ों बार पौधरोपण किया, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। इसी सराहनीय कार्यकाल की प्रशंसा के साथ कलावती की सेवानिवृत्ति पर पीसीआई जुई के सब सेंटर गोलपुरा में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। स्टॉफ ने उन्हें चित्र, उपहार व पौधें भेंट कर सम्मानित किया।

**खास बातें**

- 28 साल से कार्यकाल में स्वास्थ्य व पर्यावरण की दिशा में किए सराहनीय कार्य
- पीसीआई जुई के सब सेंटर गोलपुरा में विदाई समारोह का आयोजन

**1997 में ज्वाइन की थी नौकरी**

कलावती ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने 1997 में नौकरी ज्वाइन की थी। 28 वर्षो के कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमेशा न केवल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, बल्कि अनेक बार सफाई एवं पौधरोपण अभियानों का भी नेतृत्व किया। उन्होंने लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने को जागरूक किया, ताकि पौधें की देखभाल हो सके और पौधें पेड़ बनकर आने वाली पीढ़ियों को फल, छाया व सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन उपलब्ध करवा सके। इसी कड़ी में उन्होंने अपनी सेवानिवृति पर एक त्रिवेणी सहित 31 पौधें रोपित किए हैं और इसके साथ साथ उनके पेड़ बनने तक संरक्षण करने की भी जिम्मेदारी उठाई हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस मौके पर जिला लोकपाल नवीन शर्मा, स्टैंड विद नेचर संस्थापक लोकेश भिवानी, प्रीतम, प्रीति, नितिन वर्मा, राकेश वर्मा, राहुल वैध, विपिन वर्मा सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।



भिवानी। एमपीएचडब्ल्यू कलावती को सेवानिवृति पर पौधा भेंट करते जिला लोकपाल नवीन शर्मा, स्टैंड विद नेचर संस्थापक लोकेश भिवानी, राकेश वर्मा, राहुल वैध व अन्य। फोटोः हरिभूमि

**नौकरी से हुई रिटायर्ड, अब पर्यावरण संरक्षण को करेंगी कार्य**

एमपीएचडब्ल्यू कलावती ने अपनी सेवानिवृति पर विदाई समारोह में कहा कि वे नौकरी से रिटायर्ड हो रही हैं। अब वे अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करेंगी और लोगों से करवाएंगी एवं पेड़ पौधों के संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण अभियान में तेजी लाएंगी, जिससे दिन प्रतिदिन प्रदूषित हो रहे वातावरण को संतुलित किया जा सके।

**विभाग ने कलावती को जो जिम्मेदारी सौंपी, पूरी निष्ठा से निभाई**

डॉ. सुजाता ने कहा कि कलावती का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। विभाग की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाती थी, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी से बाखूबी निभाती थी। कलावती ने मेवात, कैरू, देवसर व गोलपुरा में पूरी ईमानदारी के साथ लोगों की सेवाएं की, जो अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। जुई व गोलपुरा स्टाफ ने कलावती वर्मा की सेवानिवृति पर 20 पौधें लगाकर उनकी सेवानिवृति को यादगार बना दिया।

**खबर संक्षेप**

### न्यायमूर्ति सिद्धू का तोशाम में स्वागत

**तोशाम।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन तोशाम द्वारा फैमिली कोर्ट भिवानी के तबादला होकर आए प्रिंसिपल जिला जज कम्प एट तोशाम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेएस सिद्धू का बार में पहुंचने पर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। बार एसोसिएशन के प्रधान सत्यवान श्योरान एडवोकेट एवं सचिव सुमन दहिया एडवोकेट ने न्यायधीश जेएस सिद्धू का स्वागत किया और बार की तरफ से न्यायधीश सिद्धू को मामलों की त्वरित सुनवाई में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया

**चरखी दादरी।** हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील डुडीवाला ने शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। जिसमें मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डूडीवाला ने हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम द्वारा संचालित एवं हरियाणा सरकार द्वारा चालित योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का पर्व है, जो हमें बहुत कुर्बानियां के बाद में मिला है, अतः इस पर्व को ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी देकर सफल बनाएं और अपने मत का प्रयोग करें।



### गोसेवा प्रत्येक जन की जिम्मेदारीः बंसल

**भिवानी।** हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है तथा गाय के शरीर में सभी देवताओं का वास होता हैं। गाय की सेवा करने से मनुष्य के अनेक प्रकार के दोष दूर होते व अलौकिक पुण्य की प्राप्ति होती है। गौ सेवा करना मानव का सच्चा धर्म है तथा प्रत्येक जन को गोसेवा को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इसका निर्वहन करना चाहिए। यह बात भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा के अध्यक्ष नरेश बंसल ने शुक्रवार को महम रोड गोशाला में हरा चारा व दलिया की सवामणी लगाने उपरांत कही।

## उपायुक्त ने स्ट्रांग रूम के लॉक पर सील और सीसीटीवी को चेक किया

# डीसी ने लिया स्ट्रांग रूम का जायजा

उपायुक्त ने मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखने और काउंटिंग की व्यवस्था बारे भी जरूरी निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने शुक्रवार को शिक्षा बोर्ड में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार सभी प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम के लॉक पर सील और सीसीटीवी को चेक किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी के वर्किंग होने के साथ साथ उसकी फुटेज की बैक अप सेव होना जरूरी है।

इसी प्रकार से स्ट्रांग रूम पर तैनात गार्द का लॉग बुक रजिस्टर पूरी तरह से मेंटेन हो। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार ईवीएम व वीवीपैट स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम खोलते समय निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि पूरे जिला की विधानसभाओं के लिए शिक्षा बोर्ड में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं यहीं पर मतों की गणना होगी। उन्होंने मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखने और काउंटिंग की व्यवस्था बारे भी जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम के लिए मार्किंग की जाए। स्ट्रांग रूम में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो। लॉक को खोलने और बंद होने की वीडियोग्राफी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रोंग की पूरी व्यवस्था में जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदान करवाने के लिए ईवीएम डिस्ट्रीब्यूशन और मतदान के बाद ईवीएम जमा किए जाने की व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। यह कार्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार व्यवस्थित ढंग से होना चाहिए। इसके लिए ड्यूटी में नियुक्त प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेवार है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश विपिन कुमार, भिवानी विधानसभा के एआरओ एवं एसडीएम हरबीर सिंहए डीआरओ प्रदीप देसवाल, बीडीपीओ सोमबीर दलाल, उप चुनाव तहसीलदार विनोद कुमार के अलाव चुनाव कार्यालय के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



भिवानी। स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते उपायुक्त। फोटोः हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

वहीं दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने तोशाम स्थित चौधरी बंसीलाल कॉलेज में स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम मनोज दलाल, तहसीलदार अंकित बेनीवाल, बीडीपीओ सुमित बेनीवाल, कॉलेज प्राचार्य मंजीत सिंह सहित सभी सबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



लोहारू। बहुतकनीकी कालेज में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते उपायुक्त नरेश नरवाल व अन्य अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

### लोहारू के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में बनाया स्ट्रांग रूम

**लोहारू।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर लोहारू के रानी झांसी लक्ष्मीबाई राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने शुक्रवार को निरीक्षण और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्ट्रॉन्ग रूम लॉगबुक, सीसीटीवी, बैकअप और डीवीआर आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम अमित कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंगला, नायब तहसीलदार संजय शर्मा मौजूद रहे। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार सभी प्रबंधों का गहनता से निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम के लॉक पर सील और सीसीटीवी को चेक किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी के वर्किंग होने के साथ साथ उसकी फुटेज की बैक अप सेव होना जरूरी है। इसी प्रकार से स्ट्रांग रूम पर तैनात गार्द का लॉग बुक रजिस्टर पूरी तरह से मेंटेन हो। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार ईवीएम व वीवीपैट स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम खोलते समय निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। उन्होंने मतदान करवाने के लिए ईवीएम डिस्ट्रीब्यूशन और मतदान के बाद ईवीएम जमा किए जाने की व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उपायुक्त ने गर्मी के मौसम को मद्देनजर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल के लिए जल घरों के सभी टैंकों को भरवाने, पशुओं के लिए जोहड़ों को भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए।



महेन्द्रगढ़। सीएल फार्म हाउस में आयोजित सभा में उपस्थित भीड़। फोटोः हरिभूमि

# भाजपा नेताओं के लिए 400 पार का नारा बनेगा गले की फांस

- भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में बढ़ी है लगातार बेरोजगारीः राव दानसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव दानसिंह ने नांमाकन से पहले नारनौल के सीएल फार्म में नामाकंन सभा का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राजस्थान में विपक्ष नेता टीकाराम जुल्ली उपस्थित रहें।

इस दौरान में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया लेकिन पार्टी का नारा उनके नेताओं के लिए गले की फांस बन चुका हैं। भाजपा नेताओं का कई जगह विरोध के मामले भी सामने आ चुके हैं। यह भाजपा सरकार की 10 साल की नाकामी का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि जो जन समर्थन मिल रहा है, उससे लगता है राव दानसिंह भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे भारतवर्ष में अनेक पार्टियों ने मिलकर गठबंधन किया है। जिसका मकसद ही भारत के संविधान को बचाना है। कांग्रेस पार्टी ने न्याय पत्र बनाया है, जो हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। राव दानसिंह ने कहा कि बीजेपी को हराने के लिए कांग्रेस के पास सबसे बड़ा हथियार उसका घोषणापत्र और कल्याणकारी योजनाएं हैं। इसलिए इन्हें घर-घर व जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कांग्रेस सिर्फ आलोचना करने की राजनीति में विश्वास नहीं रखती। बल्कि वह अपनी नीतियों का एक खाका भी जनता के सामने पेश कर रही है। 2014 से पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार के दौरान जो हरियाणा विकास में नंबर वन था।

### नौ को बराड़ा में मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**भिवानी।** नौ मई को अंबाला जिले के बराड़ा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती व क्षत्रिय महाकुंभ का न्योता देने के लिए ठाकुर पूरन सिंह, विनोद राणा थंबड़, यशपाल राणा, साहिल राणा व अम्बाला की पूरी टीम भिवानी की राजपूत धर्मशाला में पहुंची। ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि बराड़ा में प्रदेश स्तरीय जयंती बड़े धूमधाम से मनाएंगे। पूरे हरियाणा का क्षत्रिय समाज बड़ी संख्या में बराड़ा पहुंचकर महाराणा प्रताप की जयंती को हर्षोल्लास से मनाएगा।

### नाबालिगों का विवाह करवाना गंभीर एवं गैर-जमानती अपराध : बजाज

**तोशाम।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी विभूति बजाज ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति हैं और ये गैरकानूनी भी है। इसकी रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के साथ समाज में जागृति लाने की आवश्यकता है। बाल विवाह करवाने या बढ़ावा देने में सहायक व्यक्तियों को सजा और जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। सीडीपीओ ने सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि संबंधित सर्कल में बाल विवाह पर कड़ी निगरानी रखें व इसकी सूचना मिलने पर तुरंत सूचित करें। सीडीपीओ बजाज शुक्रवार को अपने कार्यालय में सर्कल सुपरवाइजर की बैठक ले रही थे। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 18 वर्ष के कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। नाबालिगों द्वारा किया गया विवाह गंभीर और गैर-जमानती अपराध है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### भगवान परशुराम जयंती समारोह को लेकर मंथन

**भिवानी।** करनाल शहर में पांच मई रविवार को भगवान परशुराम जयन्ती का प्रदेश स्तरीय आयोजन पूर्व केन्द्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा की अध्यक्षता होगा। भगवान परशुराम जयंती एवं महाकुम्भ की सफलता के लिए भिवानी शहर के प्रमुख लोगों ने पंडित जयभगवान शर्मा के विकास नगर स्थित निवास स्थान पर बैठक का आयोजन किया, जिसमें कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंथन एवं विचार विमर्श किया गया। बैठक में भगवान परशुराम जयन्ती की सफलता के लिये करनाल के प्रबन्धों एवं प्रचार-प्रसार तथा सम्पर्क अभियान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान भानुप्रकाश शर्मा, प्रोफेसर सुरेन्द्र शास्त्री आदि मौजूद रहे।

### विकासशील देश में मजदूर किसी विधाता से कम नहीं : फौगाट



हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

मजदूर देश के विकास की रीढ़ होता है। संसार जिन आशियाना में ऐसआराम की जिंदगी जीता है उसमे मजदूर का खून पसीना लगा होता है। भारत जैसे विकासशील देश में मजदूर किसी विधाता से कम नहीं है। मजदूर मानव का ऐसा स्वरूप है जो हर क्षेत्र में पूजनीय है। जहां तक देश के आर्थिक विकास को बल देने की बात है, मजदूर के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। समस्त मजदूर वर्ग को श्रद्धा से नमन करते हुए एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ निदेशक बलराज फौगाट ने उपरोक्त विचार प्रकट किए। प्राचार्या नमिता दास ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि मजदूर दिवस हर साल 1 मई को मनाया जाता है।

# स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

- लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार के संदेश की रही गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आचार्या कविता तंवर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने 'मतदान जागरूकता रैली' निकाली, जिसका उद्देश्य जन-जन को मतदान के प्रति जागरूक कर समाज के कल्याण के लिए सही नेता के चयन के लिए प्रेरित करना रहा। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों की दो टोलियों की मतदान जागरूकता रैली को विद्यालय परिसर से विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य, वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेक्जेंडर दास व अमरेंद्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान हितेश, वैशाली, सिमरन, इशिका, नूर, प्रांतिका, वैभव व प्रिंस आदि स्वयंसेवकों ने अपनी बुलंद आवाज में 'लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार, 'छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान' आदि नारों के माध्यम से शहरवासियों को अपना वोट डालने के लिए जागरूक किया। रैली विद्यालय के प्रवेश द्वार से शुरू होकर रोहतक गेट से फैंसी चौक, महम चौक से होते हुए वापस मुख्य द्वार से विद्यालय पहुंची। रैली में लीगल लिटरेसी संस्था के प्रभारी सुभाष गिल, आचार्य सूरजभान लांबा व खेल प्रशिक्षक रामभगत ने स्वयंसेवकों का सहयोग किया।




भिवानी। मतदान जागरूकता रैली निकालते हलवासिया स्कूल के शिक्षक व स्वयंसेवक।

## शिक्षा एवं खेलों को बढ़वा दे रही भाजपा सरकारः रमेश लालावास

# स्वर्ण पदक विजेता ममता को किया सम्मानित

- गांव के राजकीय वमा विद्यालय में स्कूल स्टाफ व ग्राम पंचायत ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नेपाल के शहर पोखरा में वीजीसीआई की ओपन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गांव ढ़ाब ढ़ाणी की बेटी ममता स्वामी ने नेशनल टीम में भाग लिया। नेशनल टीम में भाग लेते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है।

पदक जीतने पर हॉकी खिलाड़ी ममता स्वामी को गांव के राजकीय वमा विद्यालय में स्कूल स्टाफ व ग्राम पंचायत ने सम्मानित किया। ममता ने बताया कि वह आदर्श महिला महाविद्यालय से अर्थशास्त्र विषय में एमए की पढ़ाई कर रही है। टूर्नामेंट में उन खिलाड़ी ने भाग लिया था, जिन्होंने पिछले दिनों जयपुर में हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था। भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश लालावास बीडीसी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बेटियां अव्वल आ रही हैं, जो कि हम सब के लिए गौरव की बात है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटी खिलाओ का नारा आज साकारा हो रहा है।



भिवानी। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता ममता को सम्मानित करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

सम्मान समारोह में बीडीसी रमेश, मंडल अध्यक्ष प्रदीप तंवर, बीडीसी चेयरमैन नागेश सुंगरपुर, राजपाल फौजी, पृथ्वी कैरू, राजेश शेखावत, अभयसिंह, सरपंच संजय मिल, प्राचार्य प्रवीण शर्मा, बजरंग शास्त्री, मदनलाल कैरू, रणबीर सिंह, जयकरण, ओमप्रकाश, सुरेश, जगदीश मास्टर व श्रद्धानंद उपस्थित रहे।

### बीआरसीएम ज्ञानकुंज की टीम बनी उपविजेता

**भिवानी।** विद्या निकेतन बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी में आयोजित अखिल भारतीय आईपीसी अंडर 17 वालीबॉल प्रतियोगिता में बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल के खिलाड़ी उपविजेता का खिताब जीता। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर संस्थान में जश्न सा माहौल है। विद्या निकेतन बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी में अखिल भारतीय आईपीसी अंडर 17 का आयोजन किया, जिसमें देशभर से विभिन्न स्कूलों की नौ टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल के खिलाड़ियों ने कोच नरेश व प्रेमसिंह नेहरा के नेतृत्व में खिलाड़ी आर्ष, ऋषभ, वेदप्रकाश, संस्कार, पोद्दार, जिहान, गर्वित माथुर, राज वर्मा, आशीष नेहरा, सिद्धार्थ लाखलाण, निखिल, मोहित, प्रियांशु ने भाग लिया था।